हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 23 जून 2026

11 पतंजलि परिवार ने साधकों को कुंदन...


12 लंबित शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों से की जवाब...


**खबर संक्षेप**

### सोने का तबीजी छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने सोने की तबीजी छीनने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पीरांवाली के अमरीक सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी कर्मजीत ने बताया कि पालिका विहार कॉलोनी निवासी सीमा ने शिकायत दी थी कि 4 जून को आर्यन स्कूल कैमरी रोड के सामने पैदल जाते समय बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले से सोने की तबीजी छीन ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### ठगी से बचने के लिए सावधानी बरतें : एसपी

**हिसार।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए और आधुनिक ठगी के तरीकों के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर ठग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, व्हाट्सएप इन्वेस्टमेंट ग्रुप, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन लोन ऐप, फर्जी कूरियर पार्सल, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग तथा दफ कोड स्कैम के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे किसी भी कॉल, वीडियो कॉल या संदेश पर बिना सत्यापन विश्वास नहीं करना चाहिए।

### फोन कर महिला को परेशान करने वाला काबू

**हिसार।** उकलाना पुलिस ने महिला को बार-बार फोन कर परेशान करने, अभद्र भाषा का प्रयोग करने तथा धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले के संबंध में थाना उकलाना में पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति द्वारा बार-बार फोन कर परेशान किया जा रहा था, अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा था तथा जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी चुरू के रोहताश को गिरफ्तार कर लिया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित गिरफ्तार

**हांसी।** जिला पुलिस द्वारा उद्घोषित अपराधियों और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पीओ स्टाफ हांसी ने चेक बाउंस के एक मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिसार के बालसमंद रोड स्थित संजय नगर ढाणी निवासी सुमित के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में चेक बाउंस का मामला दर्ज था, जो न्यायालय में विचाराधीन था। मुख्य सिपाही वीरेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी बार-बार समन और वारंट जारी होने के बावजूद अदालत में पेश नहीं हो रहा था।

## चानौत गांव में जल आंदोलन पर अब नया विवाद

# जनस्वास्थ्य विभाग की टी को बताया अवैध

- अवैध टी लगाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज
- सरकार की जानकारी और मध्यस्थता से हुआ था टी कनेक्शन : ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत गांव को पेयजल आपूर्ति दिलाने के लिए भाखड़ा नहर से शहर को आने वाली पाइपलाइन पर लगाए गए टी कनेक्शन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। एक ओर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा पुलिस को पाइप लाइन में अवैध कनेक्शन किए जाने की शिकायत दी गई है, वहीं दूसरी ओर टी कनेक्शन लगाने के बाद शहर को आने वाली पाइपलाइन के बिछाने का कार्य भी शुरू हो चुका है।

### ग्रामीणों ने उठाए सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि यदि कनेक्शन अवैध था तो मौके पर टी, जेसीबी और अन्य संसाधन कैसे पहुंचे तथा विभाग द्वारा टी लगाते वक्त कार्य को क्यों नहीं रुकवाया गया। वहीं टी लगाने के बाद गांव तक पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू होने से यह स्पष्ट होता है कि कार्य केवल टी लगाने तक सीमित नहीं था। बल्कि गांव की पाइप लाइन भी विभाग द्वारा भिजवाएं गए हैं।



हांसी। चानौत गांव की सप्लाई के लिए गांव में पहुंचे पाइप। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण बोले, मौके पर थे शिकायत देने वाले अधिकारी

धरना कमेटी के सदस्य अनूप ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह कार्य सरकार की जानकारी और मध्यस्थता से हुआ था। अनूप के अनुसार सरपंच एसोसिएशन के प्रधान पूर्व सरपंच सोमेश कुमार ने सरकारी स्तर पर मध्यस्थता कर टी लगाने की अनुमति दिलवाई थी। उन्होंने दावा किया कि शिकायत दर्ज कराने वाले जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी टी लगाते वक्त स्वयं मौके पर मौजूद थे।

### सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़, लाखों का नुकसान

एक्सईएन ने यह भी कहा कि टी लगाने के बाद पाइपलाइन बिछाने का कार्य किसके निर्देश पर और किसकी अनुमति से किया जा रहा है, यह भी पुलिस जांच का विषय है। त्यागी के मुताबिक, सरकारी पाइपलाइन में अवैध रूप से लगभग 6 इंच की टी लगाकर सरकारी संपत्ति से छेड़छाड़ की गई है। इससे विभाग को करीब अढ़ाई से तीन लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा है। विभाग के तकनीकी अधिकारी मामले का निरीक्षण कर रहे हैं ताकि पाइपलाइन और जलापूर्ति व्यवस्था को हुए नुकसान का आकलन किया जा सके। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विभाग से नहीं ली गई थी टी लगाने की अनुमति : एक्सईएन



जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन संजीव त्यागी ने कहा कि भाखड़ा नहर से हांसी शहर को आने वाली पेयजल पाइपलाइन में चानौत गांव को पेयजल सप्लाई के लिए टी लगाने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से कोई अनुमति नहीं ली गई थी और न ही विभाग का कोई कर्मचारी इसमें शामिल था। उन्होंने बताया कि विभाग को जब 36 ईंची पाइप लाइन से छेड़छाड़ कर उसमें टी लगाने की सूचना मिली तो इस संदर्भ में सदर थाना में मामले की शिकायत दी गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के आधार पर की जाएगी।

### अज्ञात पर केस दर्ज : थाना प्रभारी

सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सदानंद ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी द्वारा भाखड़ा नहर से हांसी शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन में चानौत गांव में अज्ञात लोगों द्वारा पाइप लाइन के साथ छेड़छाड़ कर सरकारी संपत्ति को नुक्सान पहुंचाकर टी लगाने की शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।


हांसी। चानौत में चल रहे धरने पर मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**रौनक खत्री समेत कई नेताओं ने दिया समर्थन**

# चानौत का जल आंदोलन 38वें दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

चानौत गांव में पेयजल आपूर्ति की मांग को लेकर चल रहा जल आंदोलन सोमवार को लगातार 38वें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। धरने के समर्थन में दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री, एनएसयूआई नेता रोहित दलाल, युवा कांग्रेस नेता विकास ढांडा व सोविन बेरवाल तथा आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र सोरखी और रमेश पान्नू सहित कई अन्य लोग धरनास्थल पर पहुंचे। सभी ने ग्रामीणों की मांगों को जायज बताते हुए उनके संघर्ष के प्रति एकजुटता व्यक्त की। धरना कमेटी की ओर से सत्यवान सरपंच और अनूप चानौत ने जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन संजीव त्यागी द्वारा केस दर्ज कराने संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अधिकारियों को मुकदमे दर्ज कराने के बजाय टी कनेक्शन को कानूनी मान्यता देने और पाइपलाइन निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। इससे शहर और चानौत गांव के लोगों को जल्द पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। धरना कमेटी ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस समाधान नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।

# रोडवेज कर्मियों का बड़ा ऐलान : आज से रात्रि ठहराव पर नहीं जाएंगी रोडवेज बसें

- उच्चाधिकारियों के आश्वासन के बावजूद 15 दिनों में नहीं हुआ किसी समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों की ओर से दी गई समय सीमा में भी मांगों एवं समस्याओं का समाधान न होने पर रोडवेज कर्मचारियों ने गहरा रोष जताया है। रोडवेज सांझा संघर्ष समिति ने अपने पूर्व घोषित फैसले को आगे बढ़ाते हुए 23 जून से बसों का रात्रि ठहराव बंद करने का ऐलान कर दिया है। इस संबंध में हरियाणा रोडवेज सांझा संघर्ष समिति की बैठक आज हुई, जिसमें 23 जून से हिसार डिपो के रात्रि ठहराव बंद करने का निर्णय लिया गया।

इससे पहले कर्मचारियों ने 5 जून को ऐसा ही फैसला किया था, जिसके चलते चंडीगढ़ मुख्यालय से पहुंचे संयुक्त आयुक्त ने 15 दिन में मांगों एवं समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर कर्मचारियों को बसें चलाने के लिए मनाया था। सांझा संघर्ष समिति का आरोप है कि 15 दिनों में कोई भी मांग पूरी नहीं हुई, जिसके चलते मजबूर होकर फिर से रात्रि ठहराव बंद करने का निर्णय लेना पड़ा है, जिसके लिए महाप्रबंधक, जिला प्रशासन व उच्चाधिकारी जिम्मेवार है।

सांझा संघर्ष समिति के प्रेस प्रवक्ता संदीप जैनावास ने बताया कि 23 जून को सभी यूनियनों की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के प्रधान हिसार डिपो में पहुंचेंगे और आंदोलन की आगामी रूपरेखा तैयार करेंगे। उधर, हिसार डिपो में कर्मचारियों का धरना 39वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान जोगेन्द्र पंघाल ने की जबकि नरेन्द्र खरड़ ने संचालन किया।

दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और डिपो अधिकारियों पर मनमानी करने व मांगों और समस्याओं का समाधान न करने का आरोप लगाया। धरने पर सभी यूनियनों के प्रधान, पदाधिकारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गैर-शैक्षणिक कार्य लिए जाने के विरोध में उतरे अध्यापक

**एसआईआर कार्य के तहत बीएलओ के रूप में कार्यरत अध्यापकों पर दबाव बनाने का आरोप**

- अध्यापक संघ ने जिला मुख्यालय पर दिया धरना, राज्य चुनाव आयुक्त के नाम सौंपा ज्ञापन
- अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लेना बंद करे सरकार : अध्यापक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


हिसार। राज्य चुनाव आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लिए जाने के विरोध में सोमवार को जिला स्तरीय धरना देकर जिला उपायुक्त के माध्यम से राज्य चुनाव आयुक्त, पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने की अध्यक्षता जिला उपप्रधान वीरेंद्र सिंह ने की।

जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि एसआईआर कार्य के तहत बीएलओ के रूप में कार्यरत अध्यापकों पर अत्यधिक दबाव बनाया जा रहा है। अधिकांश विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी इस कार्य में लगाए जाने से स्कूलों में शिक्षकों की कमी हो गई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र भरने के लिए एक माह का समय निर्धारित होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा चार-पांच दिनों में कार्य पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है तथा प्रतिदिन दो बार गूगल शीट के माध्यम से रिपोर्ट मांगी जा रही है।

राज्य सचिव पवन कुमार ने कहा कि सरकार को अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य करवाना बंद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एसआईआर का कार्य 14 जुलाई तक पूरा किया जाना है, लेकिन इस प्रक्रिया में विद्यालयी शिक्षा प्रभावित हो रही है।

### यह रहे उपस्थित

धरने पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव ओमप्रकाश माल, ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी, ब्लॉक सचिव जयकुमार, हेमसा के राज्य महासचिव हितेंद्र सिहाग, यूनियन नंबर 492 के जिला संगठन सचिव ईश्वर सिंह, जिला वित्त सचिव विजेंद्र सिंह, जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, विजय कुमार, कृष्ण कुमार भर्री, शमशेर सिंह, संदीप मीरका, राजेश मेहरा, सीमा, दर्शना देवी, सुनील लाडवा, प्रदीप कुमार पीटीआई, सुरेंद्र चहल तथा अशोक बोहत आदि मौजूद रहे।

### प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने की चेतावनी

अध्यापक संघ ने मांग की कि इस कार्य के लिए योग्य एवं शिक्षित बेरोजगार युवाओं की नियुक्ति की जाए, जिससे युवाओं को रोजगार मिले और विद्यार्थियों की शिक्षा भी प्रभावित न हो। संघ ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षकों पर इसी प्रकार अनावश्यक दबाव बनाया जाता रहा तो प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती की मौत

**हिसार।** चौधरीवास टोल प्लास के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक युवती की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव बड़वा निवासी 18 वर्षीय पायल के रूप में हुई है। मृतक के चचेरे भाई रोहित के अनुसार उसकी चचेरी बहन पायल अपनी मां सुमन के साथ गोरछी रोड पर एक फैक्टरी में काम करती थी। उसकी मां पहले ही फैक्टरी में पहुंच गई, जबकि पायल थोड़ी देरी होने पर करीब साढ़े 9 बजे घर से स्कूटी लेकर फैक्टरी के लिए चल पड़ी। राजगढ़ रोड हाइवे पर चौधरीवास टोल प्लाजा के पास पीछे अज्ञात वाहन ने पायल स्कूटी को टक्कर मार दी। इस वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अतिक्रमण को लेकर नगर निगम ने दिखाई सख्ती

- बाजारों व मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण, किया सामान जब्त

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर निगम का विशेष अभियान लगातार जारी है। सोमवार को निगम टीम ने बालसमंद रोड से अभियान की शुरुआत करते हुए सड़क से अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान छह से सात रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया। इसके बाद मलिक चौक से रेलवे फाटक तक कार्रवाई करते हुए दो से तीन दुकानदारों का सामान भी जब्त किया। अभियान के तहत दिल्ली रोड स्थित चुड़ामणि अस्पताल के सामने भी कार्रवाई की गई, जहां दो रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने जिंदल चौक से आईटीआई चौक तक अतिक्रमण हटाकर मार्ग को सुगम बनाया।

नगर निगम की टीम ने राजगुरु मार्केट, आर्य बाजार, बिश्नोई मंदिर मार्केट और बालाजी मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। वहीं नागौरी गेट से गुलाब सिंह चौक और सिटी थाना क्षेत्र तक अभियान चलाकर सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। शहर को व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


हिसार। बालसमंद रोड पर रखे कुलर को उठाता निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## मानसिक परेशानी के चलते युवक ने किया सुसाइड

**हिसार।** मानसिक परेशानी के चलते झुंपा कलां निवासी एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर जीआरपी की टीम मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। बाद में उसकी पहचान झुंपा कला के 30 वर्षीय विकास के रूप में हुई है। झुंपा कलां निवासी महेंद्र सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका बेटा विकास मजदूरी करता था। रविवार रात को जब वह खाना बना रहा था तो विकास 10 मिनट में वापस आने की बात कहकर घर से बाहर चलाया गया। करीब एक घंटे बाद उसे इस हादसे की सूचना मिली। जांच अधिकारी संजू के अनुसार रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे कोटा से आने वाली ट्रेन के आगे कूदकर विकास ने अपनी जान दी है। करीब 20 साल पहले विकास की मां की मौत हो गई थी। तब से ही वह परेशान रहने लगा था।

**संयुक्त निर्माण मोर्चा के आह्वान पर नारनौंद अनाज मंडी में हुई महापंचायत**

# मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के सांकेतिक पुतले का किया दहन

- भाजपा ने किसान और मजदूर को धकेला पीछे : लोहान

**नारनौंद।** संयुक्त निर्माण मोर्चा के आह्वान पर नारनौंद अनाज मंडी में महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें इंटक यूनियन द्वारा सैकड़ो की संख्या में मजदूर इकट्ठे हुए। इसकी अध्यक्षता नारनौद ब्लॉक के प्रधान फूल कुमार मिलकपुर ने की। मोर्चा ने हांसी-जींद सड़क मार्ग पर श्रम मंत्री और मुख्यमंत्री के सांकेतिक पुतले की शव यात्रा निकाली और उसका दहन किया। मोर्चा द्वारा गांव-गांव जाकर मजदूरों को जागरूक किया जाएगा और 10 जुलाई को कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के निवास स्थान पर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

इससे पूर्व महापंचायत में मुख्य वक्ता हरियाणा इंटक के महामंत्री एवं भवन निर्माण मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मवीर सिंह लोहान, जयप्रकाश मिस्त्री जिला हिसार के इन्टक के महामंत्री धर्मवीर कुलेरी व अनूप सहारण ने मजदूर को संबोधित किया। उन्होंने मजदूरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ निर्माण मजदूर का पोर्टल बंद करके श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा मजदूरों मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं को लेकर हरियाणा संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा ने मजदूरों की अपनी मांगों को लेकर एक साल से संघर्ष किया जा रहा है।

मौके पर मिस्त्री चतर सिंह, सुमित अग्रवाल, राममेहर कागसर, शीशपाल मिलकपुर, विकास मिलकपुर, अनिल बुडाना, दर्शन मिलकपुर, कृष्णा, रितु मिर्जापुर, संतोष, राजकुमार कागसर, मीना आदि उपस्थित रहे।


नारनौंद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए किसान।

**प्रोजेक्ट बढ़ते भूजल दोहन, मृदा क्षरण, प्रदूषण जैसी चुनौतियों के समाधान की दिशा में लाभकारी : वीसी**

**धान में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना तथा डीएसआर प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना प्रोजेक्ट का मकसद**

# एफएओ और हकृवि धान की फसल में पानी की बचत को लेकर प्रोजेक्ट पर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) जीईएफ-7 फोलुर के तहत एक प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य ब्रूइंग यीस्ट सैक्रोमाइसीस सेरेविसीए आधारित जैविक बीज उपचार तकनीक के माध्यम से धान में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना तथा डीएसआर प्रणाली को अधिक प्रभावी और किसानों के लिए अनुकूल बनाना है।

प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि हरियाणा में प्रचलित धान-गेहूं फसल प्रणाली के कारण बढ़ते भूजल दोहन, मृदा क्षरण, प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन जैसी चुनौतियों के समाधान की दिशा में यह परियोजना बहुत लाभदायक सिद्ध होगी। परियोजना के तहत धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) को अधिक प्रभावी, टिकाऊ और किसान-अनुकूल बनाने के लिए ब्रूइंग यीस्ट सैक्रोमाइसीज सेरेविसिए आधारित जैविक बीज उपचार तकनीक का परीक्षण किया जाएगा। शोध के माध्यम से यह आकलन किया जाएगा कि जैविक बीज उपचार से धान के बीजों का अंकुरण, प्रारंभिक वृद्धि, पौधों की मजबूती तथा जल उपयोग दक्षता किस प्रकार बेहतर हो सकती है।


हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज परियोजना के बारे में अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करते हुए।

### यह रहे उपस्थित

प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों में बैंकॉक के लीड टेक्नीकल ऑफिसर ब्यू डेमन, सीनियर टेक्नीकल ऑफिसर जितेंद्र जायसवाल, टेक्नीकल ऑफिसर समीर कार्की, एग्रोनॉमिस्ट डॉ. मैथ्यू चैम्पनेस, नेशनल टेक्नीकल कॉर्डिनेटर विनय सिंह व एफएओ एग्रोनॉमिस्ट डॉ. अशोक कुमार शामिल हैं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग उपस्थित रहे।

### अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा होंगे नोडल अधिकारी

कुलपति ने बताया कि यदि शोध के परिणाम सकारात्मक रहते हैं तो यह तकनीक किसानों के लिए कम लागत वाली, पर्यावरण-अनुकूल और आसानी से अपनाई जा सकने वाली नवाचार तकनीक साबित होगी। इससे डीएसआर के व्यापक प्रसार को बल मिलेगा, भूजल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा धान-गेहूं आधारित कृषि प्रणाली को अधिक टिकाऊ बनाया जा सकेगा। इस परियोजना का नोडल अधिकारी मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा जबकि परियोजना का प्रधान अन्वेषक सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सीमा सांगवान को बनाया गया है।

हरिभूमि

# सहेली



प्रेम को कभी परिभाषित नहीं किया जा सकता। प्रेम का तो बस अहसास किया जा सकता है। पति-पत्नी के लिए प्रेम के बहुत अलग और गहरे मायने होते हैं, सिर्फ अपने साथी के लिए जीना, जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे का सहारा बनना। पति-पत्नी का प्रेम कभी एकतरफा बोझ नहीं डालता है। प्रेम में 'मैं' नहीं केवल 'हम' होता है। इस तरह के प्रेम में दंपती एकसार होकर अपना जीवन मधुरता और खुशियों से भर लेते हैं।

## प्रेम न बाड़ी उपजै प्रेम न हाट बिकाय

कवर स्टोरी

डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

अगर आपसे यह प्रश्न पूछा जाए कि इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली क्या है, तो यह प्रश्न शायद आपको थोड़ा उलझा दे! लेकिन देखा जाए तो इस दुनिया की सबसे कठिन पहेली है- प्रेम। आप सोच सकते हैं- प्रेम, जो केवल ढाई अक्षर का है, वह भला कैसे उलझा सकता है? जरा एक पल को रुकिए और सोचिए क्या वाकई प्रेम को समझना इतना आसान है? अगर इस पहेली को सुलझाना इतना सहज-सरल होता, तो निश्चित ही हर प्रेम विवाह सफल होता। अपने आस-पास ही देख लीजिए, हजारों युवा बड़े-बड़े वादों के साथ, कभी माता-पिता की सहमति से तो कभी उनके विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं, पर फिर वही प्रेम धीरे-धीरे बिखरने लगता है, और इसके साथ ही बिखरने लगते हैं वादे-कसमें। आखिर प्रेम क्यों बिखरने लगता है? यह प्रश्न हमें उसी पहेली तक वापस ले जाता है, जिसकी बात हमने शुरुआत में की थी।

### प्रेम क्या है

सवाल यह है, जिसे हम प्रेम समझते हैं, क्या वह सच में प्रेम है? कई बार वह केवल आकर्षण होता है, जिसे हम प्रेम का नाम दे देते हैं। यहीं से उलझन शुरू होती है। किसी भी रिश्ते में बंधना जितना सहज है, उतना ही मुश्किल है उसे निभाना, विशेषकर जब रिश्ता पति और पत्नी का हो। यह रिश्ता दुनिया में सबसे अलग और सबसे अनूठा होता है, क्योंकि इसे आपने स्वयं चुना होता है। अगर आपका जीवन साथी आपके माता-पिता का चुनाव भी हो तो भी पति-पत्नी के संबंध का सर्वोच्च आधार सिर्फ और सिर्फ प्रेम होता है। वह 'प्रेम' जो ना तो शर्तों पर टिका होता है और ना ही अपेक्षाओं का एकतरफा बोझ डालता है। वह तो निरंतर निर्झर बहने वाली नदी के समान है, जो कभी थमती नहीं। प्रेम देह से ऊपर है, बुद्धि से ऊपर है, दिखावे और प्रसिद्धि से भी बहुत ऊपर है। उसका संबंध केवल हृदय से होता है। हमारे उस छोटे से दिल में, जो भले ही मुट्ठी भर का है, पर अपने भीतर पूरी दुनिया को समेट लेने की क्षमता रखता है। विश्वास कीजिए, प्रेम को किसी परिभाषा में बांधा नहीं जा सकता, इसका कोई तय नियम नहीं होता। प्रेम समर्पण है, अपनापन है और सबसे बढ़कर प्रेम 'मैं' नहीं, 'हम' होता है।



### समझिए प्रेम के सही मायने

आप क्या वाकई जानना चाहती हैं कि 'प्रेम' क्या है? तो एक छोटी-सी घटना सुनिए। कुछ दिन पहले अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का एक साक्षात्कार देखा, जिसमें वह अपने पिता बोनी कपूर के साथ बैठी थीं। बोनी ने जाह्नवी को बताया कि उनकी मां (अभिनेत्री श्रीदेवी) चाहती थीं कि वह अपना वजन कम करें, इसलिए वह उन्हें टहलने के लिए प्रेरित करती थीं। श्रीदेवी की जिद पर एक दिन वह उनके साथ टहलने जाने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने जूते तो पहन लिए, पर झुककर फीते बांधना उनके लिए सहज नहीं था। बिना कुछ कहे ही श्रीदेवी ने उनकी इस परेशानी को समझ लिया और उनके जूतों के फीते बांध दिए। बोनी ने मुस्कुराते हुए कहा, 'अरे, यह तो ढीला है।' जब श्रीदेवी ने दोबारा बांधा, तो उन्होंने फिर कहा, 'यह तो बहुत टाइट हो गया।' यह सिलसिला यूं ही कुछ देर चलता रहा, लेकिन इस पूरे समय श्रीदेवी बिना किसी अधीरता के, मुस्कुराते हुए, हर बार उनके जूतों के फीते ठीक करती रहीं। इस घटना को पढ़कर आप चौंक गए न! स्वाभाविक भी है, क्योंकि आज की युवा पीढ़ी के लिए, विशेष कर लड़कियों के लिए तो ऐसा कुछ करना उनके आत्मसम्मान के खिलाफ होगा या इससे भी बढ़कर वह इसे पति की गुलामी का नाम देंगी। एक उदाहरण और, बैंकिंग सेक्टर में काम करने वाली अनुराधा को एक दिन किसी कारणवश बैंक जाने में देरी हो रही थी, वह हड़बड़ा गई। तभी उसे यह भी ध्यान आया कि उसके कपड़े प्रेस नहीं हैं। अनुराधा की यह परेशानी उसके चेहरे पर aझलकने लगी। उसके पति, जो एक बड़े सरकारी अधिकारी हैं, बिना उसके कुछ कहे ही उसकी हड़बड़ाहट देखकर सब समझ गए और उसके कपड़ों पर प्रेस कर दिए, बिना कुछ कहे-सुने। अपने साथी की उलझन को समझना और उसे मुस्कुराते हुए सुलझा देना ही प्रेम है। अनुराधा को याद नहीं कि कितनी बार जल्दी में वह खाना छोड़कर निकलना चाहती है, तो पति स्वयं तैयार होते-होते भी उसके मुंह में रोटी का कौर रख देते हैं और कहते हैं, 'घर से भूखे नहीं निकलना चाहिए।' यकीनन बहुत सारे लोगों के लिए यह दृश्य बिल्कुल भी सहज नहीं है, क्योंकि आदमी की जो छवि समाज ने गढ़ी है, यह उसके बिल्कुल विपरीत है। पर सच्चा प्रेम यही तो है, बिना किसी की परवाह किए सिर्फ अपने साथी के लिए जीना। जिम्मेदारियां बांटना, एक-दूसरे को सहारा देना और बिना कुछ कहे एक-दूसरे की पीड़ा को समझना।



### प्रेम कब तोड़ता है दम

प्रेम तब दम तोड़ने लगता है, जब हम एक-दूसरे के साथ मुस्कुराना छोड़ देते हैं, एक-दूसरे की परवाह करना छोड़ देते हैं और एक-दूसरे के दर्द को समझने की कोशिश नहीं करते। इसी के साथ जब हमारे भीतर सिर्फ 'मैं' ही प्रमुख हो जाता है, तब रिश्ते के जीवित रहने की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। हमें यह समझना होगा कि किताबों में लिखी हुई 'नारी स्वतंत्रता', 'नारी मुक्ति' की परिभाषाएं और समाज द्वारा सिखाई गई 'मर्दानगी' की कहानियां प्रेम की गहराई के सामने टिक नहीं पातीं, क्योंकि प्रेम इन सब से बहुत ऊपर होता है।

### प्रेम में 'मैं' नहीं 'हम'

'प्रेम' जीवन है, इसे किसी भी वस्तु से खरीदा नहीं जा सकता, ना ही इसे विवश करके पाया जा सकता है। इसे पाने का केवल एक ही रास्ता है, और वह है 'मैं' का त्याग। तो चलिए प्रेम को जीते हैं और 'मैं' को किसी ऐसी गली छोड़ आते हैं, जो कभी 'हम' तक वापस ना आ सके।

## क्या आप भी अपने बच्चे का हद से ज्यादा ख्याल रखते हैं

कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को बहुत ज्यादा प्रोटेक्ट करते हैं, इस तरह ओवरप्रोटेक्शन से बच्चों का कॉन्फिडेंस कमजोर होता है। वे अपनी छोटी से छोटी प्रॉब्लम से भी घबरा जाते हैं। आपके बच्चे स्ट्रॉन्ग बनकर जीवन में सफल रहें, इसके लिए जरूरी है उन्हें बहुत ज्यादा लाड़-प्यार ना दें, उन्हें सेल्फ डिपेंड बनाएं। यह उनके व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत जरूरी है।

परवरिश

ललिता गोयल



सभी पैरेंट्स यही चाहते हैं कि उनके बच्चे को कभी भी किसी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़े। इस चाहत में कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हद से ज्यादा लाड़-प्यार या ओवरप्रोटेक्ट करते हैं। लेकिन इस तरह ओवरप्रोटेक्शन यानी ओवर पैंपरिंग बच्चों को इंडिपेंडेंट बनने से रोक सकती है। आगे चलकर बच्चे जीवन की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हो जाते हैं।

**संतुलित रखें अपना लाड़-प्यार:** बचपन सिर्फ बच्चों के खेलने, आराम करने और पैरेंट्स की छत्रछाया में सुरक्षित रहने का समय नहीं होता है। यह वह समय भी होता है, जब वे सीखने और मजबूत बनने के प्रोसेस में होते हैं। इस प्रोसेस में अगर हर बार पैरेंट्स बच्चे के लिए सब कुछ कर देंगे, तो बच्चा जीवन के उतार-चढ़ाव को संभालने की क्षमता विकसित नहीं कर पाएगा। बड़ा होकर वह छोटे-छोटे फेलियर से डरने लगेगा या बहुत जल्दी हार मान लेगा, क्योंकि उसने कभी निराशा, इंतजार या संघर्ष को अनुभव ही नहीं किया होता है। कोई भी चीज हद से ज्यादा हो तो फायदे की जगह नुकसान ही पहुंचाती है। इसलिए बच्चों का लाड़-प्यार भी हमेशा संतुलन में होना चाहिए।



**बच्चों का विकास रुकता है:** बच्चे का ज्यादा ख्याल रखना या ओवर-प्रोटेक्शन, बच्चों के विकास को रोक सकता है। ऐसे बच्चे आत्मनिर्भर नहीं बन पाते, समस्याओं का सामना करने से डरते हैं, चुनौतियों का सामना करने में खुद को असमर्थ महसूस करते हैं। हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान माता-पिता द्वारा किए जाने पर बच्चों को अपनी क्षमता पर संदेह होने लगता है। वे भविष्य में मुश्किल परिस्थितियों में घबरा जाते हैं। ऐसे बच्चे हर काम के लिए दूसरों पर निर्भर रहने लगते हैं और अपनी उम्र के अनुसार जिम्मेदारियां नहीं सीख पाते।

**प्यार जताएं-बिगाड़ें नहीं:** बच्चे को आरामदायक माहौल दें लेकिन उनकी हरेक डिमांड पूरी न करें। उसे 'ना' सुनना भी सिखाएं, क्योंकि हर मांग पूरी करने से बच्चे जिद्दी हो सकते हैं। अपनी मांग पूरी करवाने के लिए वे कोई गलत कदम भी उठा सकते हैं।

**जिम्मेदारियां सौंपें-आत्मनिर्भर बनाएं:** बचपन से बच्चे को आत्मनिर्भर बनाएं। जब बच्चा खेलने के बाद अपने खिलौने समेटने की कोशिश करे, तो उसे समेटने दें। खुद न समेटें, जब पैरेंट्स बच्चे के सारे काम खुद करते हैं या उसे हर परेशानी से बचाते हैं, तो वह कभी-भी अपनी समस्याएं खुद सुलझाना नहीं सीख पाता। जो बच्चे हमेशा सुरक्षित माहौल में रहते हैं, वे जीवन में छोटी-मोटी हार या असफलता का सामना नहीं कर पाते। इसलिए उनकी उम्र के अनुसार उन्हें घर के छोटे-छोटे काम जैसे पौधों में पानी डालना, फ्रिज में पानी की बोतल भर का रखना खुद करने दें। इससे वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

**गलतियों से सीखने दें:** बच्चों से कोई गलती होने पर उसे बचाने के बजाय उन्हें अपनी बात रखने दें, अपनी गलतियों के लिए जिम्मेदारी लेने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को सही गाइडेंस, इमोशनल सपोर्ट और सीमित आजादी के साथ अपने अनुभवों से सीखने का मौका दें। बच्चों को गलतियां करने दें और उनसे सीखने का मौका दें। प्यार का मतलब केवल सुरक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को उनके आने वाले जीवन के लिए तैयार करना भी होता है।

**बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाएं:** बच्चों को इमोशनली मजबूत बनाना भी उतना ही जरूरी है, जितना उन्हें प्यार और सुरक्षा देना, इसलिए पैरेंट्स को बच्चों को यह सिखाना चाहिए कि असफलता भी जीवन का हिस्सा है। इससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

**(साइकोलॉजिस्ट डॉ. श्रुति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## हरियाली से भर उठेगा आपका मिनी बालकनी गार्डेन

गार्डनिंग

अनु आर.

अगर आपके पास गार्डेनिंग के लिए ज्यादा स्पेस नहीं है तो भी अपनी बालकनी में आप मिनी बालकनी गार्डेन बना सकती हैं। इसके लिए क्या करना होगा, जानिए।



हालांकि अभी उत्तर और मध्य भारत के राज्यों में मानसून की बारिश शुरू नहीं हुई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बारिश शुरू हो जाएगी। पहली बारिश की बूंदें केवल धरती को ही नहीं मन को भी तरोताजा कर देती हैं। यही वह समय होता है, जब पौधे तेजी से बढ़ते हैं। इसीलिए बागवानी का शौक रखने वालों को यह मौसम सबसे अच्छा लगता है। लेकिन शहरों में फ्लैट्स या छोटे मकानों में रहने वाले लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या होती है, किचेन गार्डेन के लिए पर्याप्त जगह का न होना। सवाल है, क्या फिर जिनके पास अपने आंगन में या घर के बाहर किचेन गार्डेन की जगह नहीं है, वे गार्डेनिंग के अपने शौक को मन में ही दबाकर रखें? ऐसा नहीं है। लगभग सभी फ्लैट्स में बालकनी तो होती ही है। आने वाले बारिश के दिनों में यही बालकनी, प्रकृति से जुड़ने का एक आसान जरिया बन सकती है।

**मिनी बालकनी गार्डन का ट्रेंड:** इन दिनों बड़े शहरों में, खासतौर पर मल्टीस्टोरे अपार्टमेंट्स में मिनी बालकनी मानसून गार्डन का नया चलन तेजी से शुरू हुआ है। इसमें छोटी-सी बालकनी को भी कुछ गमलों, लटकने वाले पौधों और मौसमी सब्जियों के पौधों के जरिए एक प्यारी-सी हरी-भरी दुनिया में तब्दील किया जा सकता है। यह केवल घर की सुंदरता को नहीं बढ़ाता बल्कि आपकी मानसिक शांति, ताजी हवा और ताजा भोजन का स्रोत भी बनता है। आने वाले बारिश के दिन आपके मिनी बालकनी गार्डन को तैयार करने में बहुत सहायक हो सकते हैं।



**लगाएं ये पौधे:** अगर आप पहली बार अपनी छोटी-सी बालकनी को मानसून गार्डेन में तब्दील कर रही हैं, तो ऐसे पौधों को चुनें, जिनकी देखभाल करनी बहुत आसान है। मसलन तुलसी, पुदीना, हरी धनिया, हरी मिर्च, करीपत्ता। ये पौधे सिर्फ बालकनी की हरियाली में इजाफा नहीं करते बल्कि ये आपकी रसोई में नए-नए स्वादों का इजाफा भी करते हैं। जहां तक फूलों की बात है तो इस मौसम में गेंदा, जिनिया, बालसम और सदाबहार के पौधे अच्छी वृद्धि करते हैं। इनके रंग-बिरंगे फूल बालकनी को हरियाली के साथ रंगीन भी बना देते हैं।

**वर्टिकल गार्डेनिंग है ऑप्शन:** छोटी बालकनियों में ज्यादा पौधे लगाने के लिए वर्टिकल गार्डेन एक बेहतरीन विकल्प है। इसमें पौधों को दीवारों, स्टैंड या लटकते गमलों में लगाया जाता है। इस तकनीक में पौधे जगह बहुत कम घेरते हैं। पुराने प्लास्टिक कंटेनर, बोतलें और लकड़ी के बक्सों का रचनात्मक प्रयोग भी वर्टिकल गार्डेन स्टैंड के रूप में किया जा सकता है।

**इस बात का रखें विशेष ध्यान:** बारिश के पानी में प्राकृतिक उर्वरता होती है। इसलिए इसमें पौधे न सिर्फ खूब हरे भरे रहते हैं बल्कि तेजी से बढ़ते भी हैं। हालांकि लगातार बारिश होने पर पौधों के गमलों में अगर ज्यादा पानी इकट्ठा हो जाए तो उसे तुरंत निकाल देना चाहिए, नहीं तो पौधों को नुकसान होता है।

**मिलते हैं ये फायदे:** यह छोटा-सा गार्डन हमारे मन को प्रसन्न रखता है, हमारी सोच को सकारात्मक बनाता है और हमें तरोताजगी से भरता है, जिसमें हम थकते नहीं बल्कि उत्साह से भरे रहते हैं। इसकी वजह से घर और भी खूबसूरत दिखता है।

## तेजी से हो रहा पॉपुलर नो-मेकअप लुक

मेकअप

नीलोफर

उमस भरी गर्मी का यह मौसम स्किन पर भी प्रभाव डालता है। बार-बार होने वाला पसीना और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण चेहरे पर मेकअप टिक नहीं पाता है। इसीलिए इस सीजन के लिए नो-मेकअप लुक का ट्रेंड पॉपुलर हो रहा है।

**क्या है नो-मेकअप लुक:** नो-मेकअप लुक का मतलब मेकअप बिल्कुल न करना नहीं होता है। इसका मतलब है, त्वचा को इतना स्वस्थ और स्वाभाविक रूप से चमकदार बनाना कि बिना हैवी मेकअप के भी वह आकर्षक दिखाई दे। यह लुक वास्तव में चेहरे की नेचुरल ब्यूटी को उभारता है और त्वचा को सांस लेने का मौका देता है। इसलिए उमस भरी गर्मी और बारिश के दिनों में सुंदर दिखने का सबसे सरल तरीका है, त्वचा की बुनियादी देखभाल पर ध्यान देना। त्वचा साफ, हाइड्रेटेड हो और स्वस्थ हो तो उसे छुपाने के लिए अधिक मेकअप करने की जरूरत नहीं पड़ती है।



**इसलिए हो रहा पॉपुलर:** नो-मेकअप लुक इसलिए भी पॉपुलर हो रहा है क्योंकि आज बहुत सारी महिलाएं केवल कॉस्मेटिक्स पर निर्भर रहने की बजाय अपने नेचुरल लुक को स्वीकार करने लगी हैं। जब किसी विशेष अवसर पर थोड़ा मेकअप करना भी हो तो केवल टिंटेड मॉयश्चराइजर, हल्का कॉम्पैक्ट पावडर, मस्कारा और लिप बाम लगाना ही पर्याप्त होता है।

**करें प्रॉपर क्लीनिंग:** नो-मेकअप लुक के लिए, मेकअप की शुरुआत से पहले चेहरे की सफाई करें। इन दिनों की उमस और आने वाले बारिश के मौसम में भी धूल के साथ नमी, त्वचा के रोमछिद्रों में जमा हो जाती है। इसे हटाने के लिए ऐसा फेशवॉश चुनें, जो त्वचा को साफ करे, लेकिन उसका नेचुरल मॉयश्चर न हटाए। इसके बाद हल्का मॉयश्चराइजर लगाएं। उमस में नमी की कमी होने पर त्वचा और अधिक तेल बनाने लगती है, इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर बेहतर विकल्प है।

**सनस्क्रीन जरूर लगाएं:** अभी तो तेज धूप हो ही रही है, बारिश के मौसम में भी बादलों के पीछे छिपा सूरज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए घर से बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का नियमित उपयोग करना चाहिए। यह त्वचा को टैनिंग, पिग्मेंटेशन और समय से पहले बूढ़ा दिखने से बचाती है। सनस्क्रीन नो मेक-अप ग्लो को बरकरार रखने में मददगार होती है।

**ये उपाय भी हैं कारगर:** इस उमस भरे मौसम में कुछ सरल उपाय से आपको नो-मेकअप लुक कैरी करने में मदद मिलती है। जैसे दही और बेसन का फेस पैक त्वचा की सफाई करता है। शहद त्वचा को नमी प्रदान करता है, जबकि गुलाब जल ताजगी का एहसास देता है। हालांकि किसी भी घरेलू उपाय का उपयोग करने से पहले त्वचा की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। जो उपाय किसी पर अच्छा असर देता है, जरूरी नहीं कि दूसरे पर भी वही परिणाम दे।

## सिंगल वुमेन न बरतें लापरवाही जरूर करवाएं ये मेडिकल टेस्ट

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रेनू अग्रवाल

गायनेकोलॉजिस्ट

बढ़ती उम्र में सभी महिलाओं, खासतौर पर सिंगल वूमेन को अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शस रहना चाहिए। आपके भीतर पनप रही किसी बीमारी का शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए, इसके लिए रेग्युलर कुछ चेकअप और टेस्ट कराना जरूरी है। कौन से हैं ये टेस्ट, आपको जरूर जानना चाहिए।

अधिकांश महिलाएं पूरे घर के लोगों की सेहत का ध्यान रखती हैं लेकिन जब अपनी सेहत की देखभाल की बारी आती है तो वे खुद को अकसर इग्नोर करती हैं। फैमिली के साथ रहने वाली महिलाओं का ध्यान रखने के लिए तो फिर भी अन्य सदस्य होते हैं लेकिन सिंगल वुमेन (जो शादी नहीं करतीं या तलाक ले चुकी हैं या विडो हैं) में उम्र बढ़ने पर अकेलेपन के कारण तनाव का स्तर बढ़ने लगता है, जिससे उनमें कई हेल्थ इश्यूज होने की आशंका तक बढ़ जाती है। इसलिए सिंगल वुमेन को समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट अवश्य करवाते रहना चाहिए ताकि बीमारी का पता चलने पर उसका समय रहते उपचार कराया जा सके।

**पैप स्मीयर टेस्ट:** यह टेस्ट सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय के कैंसर का पता लगाने के लिए सबसे प्राथमिक और प्रभावी तरीका होता है। इस टेस्ट को 21 वर्ष की आयु के बाद हर 3 साल में जरूर करवाना चाहिए।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** बोन डेंसिटी टेस्ट में एक विशेष प्रकार के एक्स-रे के द्वारा स्पाइन, कलाइयों, कूल्हों की हड्डियों की डेंसिटी मापकर इनकी शक्ति का पता लगाया जाता है ताकि हड्डियों के कमजोर होने या टूटने से पहले ही उनका उपचार किया जा सके।



**ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग-मैमोग्राम :** इस टेस्ट से ब्रेस्ट कैंसर होने का पता लगाया जाता है। इस टेस्ट को 40 वर्ष की आयु से हर 1 या 2 साल में डॉक्टर की सलाह पर करवाना चाहिए। इस टेस्ट में क्लीनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (सीबीई) में स्तन कैंसर की जांच की जाती है।

**ब्लड प्रेशर टेस्ट:** हार्ट को हेल्दी रखने के लिए नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच बहुत जरूरी होती है। अगर ब्लड प्रेशर 140/90 से अधिक है तो दिल पर दबाव पड़ता है, जिससे ब्रेन स्ट्रोक, हार्ट अटैक और किडनी फेल होने की आशंका बढ़ जाती है। यह टेस्ट साल में 1 बार जरूर कराएं।

**थायरॉइड फंक्शन टेस्ट:** महिलाओं में थायरॉइड असंतुलन की समस्या बहुत आम है, जिससे उनका वजन, मूड और पीरियड्स प्रभावित होते हैं। यह टेस्ट साल में एक बार करवाना चहिए।



**ब्लड शुगर टेस्ट:** 35 वर्ष की उम्र के बाद हर 3 साल में सिंगल वुमेन को फास्टिंग ब्लड शुगर और एचबीए1सी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। इस टेस्ट से रक्त में शुगर के स्तर का पता लगाया जाता है।

**ओवेरियन सिस्ट टेस्ट:** पेट के निचले हिस्से में दर्द, अनियमित मासिक धर्म, पीरियड्स के दौरान अत्यधिक ब्लीडिंग हो तो ओवेरियन सिस्ट का टेस्ट कराना चाहिए। छोटे आकार के सिस्ट अपने आप ठीक हो जाते हैं। सिस्ट 1 इंच से बड़ा हो तो ओवेरियन कैंसर होने की आशंका होती है।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** इस टेस्ट से दिल की बीमारियों की चपेट में आने की संभावना का पता चलता है। यह टेस्ट 3 वर्ष में 1 बार करा लेना चाहिए। रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सामान्य से अधिक आता है, तो हर 6 से 12 महीने में यह टेस्ट कराना चाहिए।

**प्रस्तुति: ललिता गोयल**

खबर संक्षेप

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर चालान

**हिसार।** शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए नगर निगम सख्त कदम उठा रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत एएसआई विजेता ने राजगुरु मार्केट में निरीक्षण के दौरान दो दुकानदारों के द्वारा कचरा मिक्स करके डालने पर 200-200 रुपये के चालान किए। वहीं गुलाब सिंह चौक पर दो दुकानदारों के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 500-500 रुपये के चालान किए।

## बरवाला ट्रस्ट ने चलाया पौधरोपण अभियान

**बरवाला।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बरवाला जनसेवार्थ ट्रस्ट द्वारा बरवाला थाना परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नीम, बरगद, पीपल व जामुन सहित विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। थाना परिसर में उपस्थित कर्मचारियों ने भी पौधारोपण में भाग लिया। ट्रस्ट के प्रधान ने उपस्थित कर्मचारियों के साथ स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

## छात्रों ने पेपर लीक पर किया विचार-विमर्श

**बरवाला।** कस्बे व आस-पास के गांवों के छात्रों एवं नौजवानों की एक महत्वपूर्ण बैठक कुम्हार धर्मशाला बरवाला के प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक को एसएफआई के राज्य सचिव सुखदेव बूरा एवं नौजवान सभा के जिला सचिव जितेन्द्र बधावड़ ने संबोधित किया और अपने-अपने विचार रखें। इस बैठक में रोजगार की समस्या, खेल स्टेडियम में जरूरी सुविधाओं की कमी, लगातार हो रहे पेपर लीक व शहरी समस्याओं पर चर्चा की गई।

## दिव्यांगजनों व बुजुर्गों के लिए भेंट की व्हीलचेयर

**आदमपुर।** समाजसेवी एवं अधिवक्ता नरषोत्तम मेजर द्वारा जनहित एवं सामाजिक सेवा की भावना से तहसील परिसर आदमपुर को एक व्हीलचेयर भेंट की गई। इस अवसर पर तहसील परिसर में व्हीलचेयर तहसील प्रशासन को सौंपी गई। अधिवक्ता नरषोत्तम मेजर ने कहा कि अपनी प्रेक्टिस के दौरान देखा कि तहसील में प्रतिदिन वृद्धजन, दिव्यांगजन, गंभीर रूप से बीमार एवं चलने-फिरने में असमर्थ नागरिक अपने राजस्व एवं अन्य कार्यों के लिए आते हैं। ऐसे लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई गई हैं।

## कर्मचारी संघ ने कुलपति का आभार जताया

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज से मुलाक़ात की एवं डॉ. अनीता कुमारी को बॉटनी एवं प्लांट फिजियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार देने के लिए आभार व्यक्त किया। कुलपति ने आश्वासन दिया कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। इस दौरान पूर्व प्रधान राजेश ग्रेवाल, डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. पूनम रंगा, डॉ. सोमवीर निम्बल, डॉ. रवीश कुमार, डॉ. राजेश आर्य, डॉ. सुभाष चंद्र पंवार, डॉ. राकेश पुनिया, डॉ. तेजपाल दहिया, डॉ. नीरज खरोड़, डॉ. सुशील नागर एवं ओम प्रकाश आदि उपस्थित थे।

### रोजाना एक घंटा योग की डोज खाएं और खिलाएं : ईश आर्य

# पतंजलि परिवार ने साधकों को कुंदन बना कर समाज को समर्पित किया : अमनदीप



हिसार। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित करते मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### समाज को स्वस्थ बनाने के लिए योग को घर-घर तक पहुंचाएं प्रशिक्षु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत स्वाभिमान न्यास एवं पतंजलि योग समिति द्वारा आयोजित 16 दिवसीय योग शिविर का सोमवार को हवन, दीप प्रज्ज्वलन, योगाभ्यास, प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र वितरण एवं दीक्षांत समारोह के साथ समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि डिप्टी डीईओ अमनदीप ने कहा कि वे सबसे पहले पतंजलि परिवार को हृदय से नमन करता करते हैं जिन्होंने 16 दिनों तक साधकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं का अनुशासित अभ्यास करवाकर उनका पसीना बहाया और उन्हें कुंदन बनाने का कार्य किया। अब आपको रुकना नहीं है, इस विद्या का सदुपयोग करते हुए योग को घर-घर पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सत्या सावत ने कहा कि केवल बैठने का सही तरीका और संतुलित खान-पान अपनाकर भी हम अनेक रोगों से बच सकते हैं।

प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य ने कहा कि अब समय आ गया है कि सभी प्रशिक्षु चारों दिशाओं में फैलकर शांति, संयम और सेवा भाव के साथ योग क्रांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि योग की डोज एक घंटा रोज, स्वयं भी खानी है और दूसरों को भी खिलानी है।

प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि योगाभ्यास वीरेन्द्र बड़ाला ने करवाया, जिनके साथ सुनील कक्कड़ ने सहयोग किया। कन्हैयालाल ने साधकों को षट्क्रियाओं का अभ्यास करवाया। दीक्षांत समारोह में प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले साधकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर तेजस, आयुष बूरा, प्रदीप कुमार, नैना, मोनिका रानी, कीर्ति, अशोक, कर्ण पवार, प्रियांसी, संजीव शर्मा, सुरेन्द्र लोहान, जगमेन्द्र, रघुबीर, नगेन्द्र, दिनेश, मंजू बंसल, अमित, बबीता, विक्रमजीत, वेदप्रकाश, सक्षम, विनय मल्होत्रा, मांगेराम वैदिक विद्यार्थी, संजीव शर्मा, नरेन्द्र वशिष्ठ, राजेश कुमार, प्रमेन्द्र, शमशेर पुनियां, डॉ. कुलवंत, सीमा, कमलेश, राजकंवर राजथल आदि मौजूद रहे।

### योग से जोड़ेंगे नाता तो बीमारियां रहेंगी दूर : वेद प्रकाश आर्य



नारनौंद। गांव खांडा खेड़ी में योग शिविर में सम्मानित करते हुए।

**नारनौंद।** गांव खांडा खेड़ी के शहीद भरत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे 15 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का 12वें दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिवकांत द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करके योग शिविर का शुभारंभ किया। जिला प्रभारी हांसी वेद प्रकाश आर्य,व समाजसेवी सुखबीर व योग शिक्षक रवि दलाल ने मुख्य अतिथि शिवकांत को पतंजलि संगठन का अंगवस्त्र डालकर व माला पहनाकर और स्वामी दयानंद का कालजयी ग्रंथ, सत्यार्थ प्रकाश को भेंट करके सम्मानित किया गया। जिला प्रभारी वेद प्रकाश आर्य ने ओम के उच्चारण के साथ सोमवार के योग शिविर का प्रारंभ किया और योगिक जॉगिंग के अभ्यास करवाए। आर्य ने शरीर रचना विज्ञान, शरीर क्रिया विज्ञान व आदर्श दिनचर्या के बारे में विस्तार पूर्वक सभी योग साधकों को बताया कि हमारे जीवन में योग का गहरा जुड़ाव होगा तो शरीर से सभी बीमारियां दूर रहेगी। मुख्य अतिथि शिवकांत फिजिकल लेक्चर ने सभी योग साधकों को अष्टांग योग के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर बलजीत प्रधान जामनी, समाजसेवी सुखबीर, योग शिक्षक रवि दलाल, एडवोकेट रोहित बीबीपुर, आंगनवाड़ी वर्कर रोशनी देवी, सत्यवान सीएससी, सोनू, नैतिक रेहांस आदि मौजूद रहे।

## महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



हिसार। योग क्रियाएं करती छात्राएं।

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी हिसार से जुड़े आर्मी विंग कैडेट्स, नं वन हरियाणा एयर स्कावडन हिसार से जुड़े एनसीसी एयर विंग कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने नियमित योग करने की शपथ ली। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग शरीर को रोगमुक्त रखता है और मन को शांति प्रदान करता है। भारत ने योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाकर योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा दिया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने योग के महत्व के बारे में बताया।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सांस्कृतिक आदान-प्रदान और एकता के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।योग व्यक्तिगत कल्याण तक ही सीमित नहीं है, योग हमें एक साझे उद्देश्य में एकजुट करता है जब हम एक साथ योग का अभ्यास करते हैं तो हम एक शक्तिशाली ऊर्जा क्षेत्र का निर्माण करते हैं जो सीमाओं संस्कृतियों और मतभेदों को पार करता है।

### योग को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प



हिसार। ग्लोबल योगा स्पोर्ट्स फेडरेशन के कार्यालय में योग करते साधक।

**हिसार।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्लोबल योगा स्पोर्ट्स फेडरेशन के मुख्य कार्यालय ग्राम पंचायत पाना महराणा, मिर्जापुर में योग कार्यक्रम एवं जागरूकता समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया तथा योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फेडरेशन के अध्यक्ष आनन्द राज सिरोही ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। कार्यक्रम में फेडरेशन के सचिव रोहित सहित योग प्रशिक्षक रोहतास, वीरेन्द्र, संजय, दिलबाग सिंह, जयकुमार, नरेश सिंह, अजय तथा जोगराज सिंह ने सक्रिय सहभागिता की।

# भक्ति और सत्संग से ही मिलता है मन को सुकून

■ बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार पर हुआ भंडारा, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते मंदिर के मुख्य सेवक रामचंद्र गुप्ता।

तरसेम नगर स्थित बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार के पावन अवसर पर भंडारे एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा का आशीर्वाद लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। बाबा के भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते नजर आए।

इस अवसर पर मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान का नाम सच्चे मन और श्रद्धा के साथ लेने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सत्संग और भक्ति मनुष्य को सही मार्ग दिखाते हैं तथा उसके मन को शांति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति निस्वार्थ भाव से प्रभु का स्मरण करता है, भगवान उसकी हर परिस्थिति में सहायता करते हैं।

**सत्संग करता हैं मनुष्य के विचारों को पवित्र :** रामचरण गुप्ता ने कहा कि सत्संग मनुष्य के विचारों को पवित्र करता है और उसे बुराइयों से दूर ले जाकर अच्छाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन ईश्वर का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है। भगवान ने मनुष्य को सोचने, समझने और सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की है। इसलिए हमें अपने जीवन को सेवा, सदाचार और अच्छे कार्यों में लगाना चाहिए।

**मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में लगा :** मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने कहा कि आज मनुष्य भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूलता जा रहा है। दूसरों की संपत्ति देखकर लालच की बजाय हमें भगवान द्वारा दिखाए गए सत्य, धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।

### जय श्री श्याम के जयकारे के साथ भंडारा लगाया



हिसार। पूजा-अर्चना करते श्री श्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट के पदाधिकारी।

**हिसार।** श्री श्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट की ओर से टेलीफोन एक्सचेंज के सामने ठंडी कुई के पास 23वा भंडारा लगाया गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए आसपास के अलावा दूरदराज से श्रद्धालु पहुंचे। जय श्री श्याम के जयकारे के साथ भंडारा शुरू किया गया। खास बात है कि स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए भंडारे में कभी भी डिस्पोजल का प्रयोग नहीं किया जाता हैं। भंडारे से पहले श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा की आरती की। श्री श्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट के प्रधान संजीव शर्मा और उप प्रधान कैलाश सैनी ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने चांदनी एकादशी पर खाटू श्याम और सालासर धाम की बस यात्रा करवाई जाती है। इस अवसर पर अनिल सैनी, कुलदीप यादव, सुनील पूनिया, नवीन और महिला मंडल में सुनीता शर्मा, सरोज आर्य, शारदा सैनी, गीतिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गुजवि में बीएमआरआईटी पाठ्यक्रम में दाखिला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, (गुजविप्रौवि) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बैचलर ऑफ मेडिकल रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (बीएमआरआईटी) पाठ्यक्रम में दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। यह कोर्स एनसीएएचपी गाइडलाइंस के तहत संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि यह कोर्स राष्ट्रीय स्वास्थ्य परिषद (एनसीएएचपी) की गाइडलाईंस के अनुसार है, जिससे देश-विदेश में आसानी से केंद्रीय पंजीकरण प्राप्त होता है। इस कोर्स में सरकारी व निजी अस्पतालों तथा डायग्नोस्टिक सेंटर्स में रेडियोलॉजी टेक्नोलॉजिस्ट के रूप में आकर्षक सैलरी पैकेज पर तुरंत नियुक्तियां हो जाती हैं।

# ड्रग फ्री हरियाणा जागरूकता दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। ड्रग फ्री हरियाणा जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हरियाणा पुलिस के एसआई हवा सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के अंतर्गत सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर उन्हें स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पुलिस विभाग से एसआई हवा सिंह ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें तथा समाज को नशा मुक्त बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर पुलिस टीम एवं संस्थान के स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, उससे बचाव के उपायों तथा नशा रोकथाम संबंधी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सचदेवा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ड्रग फ्री हरियाणा जागरूकता कार्यक्रम वर्ग अनुदेशक ललित कुमार, दीपक कटारिया, सदानंद,परमिंदर चोयल, सुधीर जांगड़ा, राजेश, सुनील कुमार, रघुवीर, राकेश जांगड़ा, सुनील कुमार तथा मुकेश लावत आदि मौजूद थे।

## सहायक पंजीयन अधिकारी व ऑपरेटरों का प्रशिक्षण

**हिसार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा ई-फॉर्म डिजिटाइजेशन एवं एइआरओ पोर्टल पर कार्यप्रणाली संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को आयोजन किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले एन्यूमरेशन फॉर्मों को डिजिटल रूप से संसाधित करने की प्रक्रिया को सुचारू एवं प्रभावी बनाना है।

# नशा मुक्त समाज बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। आईटीआई छात्रों को संबोधित करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत सोमवार को गवर्नमेंट आईटीआई हांसी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पुलिस प्रशासन, लोक कल्याण फाउंडेशन तथा ड्रग विभाग, सिविल अस्पताल के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की ओर से एएसआई दीपक कुमार, सिविल अस्पताल से ड्रग विभाग की इंचार्ज कविता एवं सुशील कुमार तथा लोक कल्याण फाउंडेशन की ओर से सुनील कुमार अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह नोखवाल ने अपने संदेश में कहा कि युवा वर्ग देश का भविष्य है और उन्हें नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने कौशल एवं शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

आस्था

### 54वें श्याम महोत्सव के आखिरी दिन दिखा भक्ति और उल्लास का संगम

# विदेशी फूलों, मेवा और चॉकलेट श्रृंगार ने मोहा भक्तों का मन

■ निकुंज कामरा के भजनों ने बांधा समा, झूमते रहे भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। महोत्सव के अंतिम दिन गायिका निकुंज कामरा के भजनों पर झूमते श्रद्धालु ।

श्री श्याम मंदिर के तत्वावधान में आयोजित 54वें अष्ट दिवसीय श्याम महोत्सव का रविवार रात्रि हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री निकुंज कामरा ने श्याम भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो उठे। देर रात तक भक्तजन भजनों पर झूमते रहे और बाबा श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम भवन ट्रस्ट एवं श्री श्याम मंदिर द्वारा आयोजित महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को जागरण तथा रविवार को एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम का आयोजन पीसीएसडी स्कूल ग्राउंड में किया गया। दोनों आयोजनों में श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि भीड़ ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए।

एक शाम सांवरे के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत ज्योत प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय जैन एवं गौरव जैन उपस्थित रहे। संजय फौजी ने ज्योत प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम के सरपरस्त अनिल बंसल (डिप्टी चेयरमैन), संरक्षक प्रवीण तायल तथा अध्यक्षता सुमन शर्मा ने की। वहीं अति विशिष्ट अतिथि दिव्यांश जैन एवं कियांश जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बाबा श्याम के चरणों में नमन कर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि की कामना की। महोत्सव के सफल समापन पर श्री श्याम मित्र मंडल एवं श्री श्याम भवन ट्रस्ट के प्रधान जगदीश मित्तल ने सभी शहरवासियों, श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भागवत स्वरूप सिंगल, पप्पू खरड़िया, अनिल बंसल, सुनील मित्तल, अनिल गोयल, पुनीत जैन, राघव गोयल सहित हजारों की संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे और महोत्सव की भव्यता के साक्षी बने।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

अष्ट दिवसीय श्याम महोत्सव के दौरान बाबा श्याम के दिव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। महोत्सव के सातवें दिन बाबा के दरबार को भव्य ड्राई फ्रूट श्रृंगार से सजाया गया, जबकि अंतिम दिन चॉकलेट एवं टॉफियों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। पूरे आठ दिनों तक बाबा का प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया। कभी विदेशी फूलों की मनमोहक सजावट ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया तो कभी मेवा, ड्राई फ्रूट, चॉकलेट और टॉफियों से सजे बाबा के दिव्य दरबार ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। बाबा के अद्भुत और आकर्षक श्रृंगारों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही।

# ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ी

■ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य बोले, विद्यार्थियों के हित में लिया गया समय बढ़ाने का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह नोखवाल ने बताया कि सत्र 2026-27 में आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून कर दी गई है। विभाग द्वारा यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो विभिन्न कारणों से निर्धारित समयावधि में अपना आवेदन नहीं कर पाए थे।

उन्होंने बताया कि इस संस्थान में विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं। प्रधानाचार्य भूप सिंह नोखवाल ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अपील की कि वे बढ़ी हुई समय-सीमा का लाभ उठाएं और अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना आवेदन पूरा करें।

## खबर संक्षेप

### पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ आज

**हिसार।** सभी तहसील व सब तहसील में ऑटो म्यूटेशन सिस्टम तथा पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ होगा। राजस्व सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल एवं नागरिक हितैषी बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वर्चुअल माध्यम से मंगलवार को इसका शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त महेंद्र पाल ने यह बताया कि जिला स्तर पर भी कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं व्यापक जन-जागरूकता के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। ऑटो म्यूटेशन सिस्टम लागू होने से संपत्ति पंजीकरण के उपरांत नामांतरण (म्यूटेशन) की प्रक्रिया स्वतः और अधिक त्वरित रूप से संपन्न होगी।

### पुलिस ने पीड़ित के खाते में राशि रिफंड करवाई

**हिसार।** साइबर क्राइम थाना की टीम ने एक पीड़ित की ठगी गई राशि में से 39,971.09 रुपये की राशि पीड़ित के बैंक खाते में वापस करवाने में सफलता प्राप्त की है। इस बारे में प्रभारी थाना साइबर ने बताया कि पीड़ित के बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर राशि निकाल ली गई थी। मामले की सूचना मिलते ही शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की।

### व्यक्ति की जेब से रुपये चुराने का आरोपी काबू

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने जिंदल अस्पताल में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि जींद जिले के रहने वाले सुनील कुमार ने थाना अर्बन एस्टेट पुलिस में शिकायत दी कि उसका भाई जिंदल अस्पताल में उपचाराधीन है। वह अस्पताल के हॉल में सो रहा था, जहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 5050 रुपये चोरी कर लिए।

### सिवानी को जिला बनाने की मुहिम तेज

**सिवानी मंडी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सिवानी उपमंडल को जिला हिसार में मिलाने घोषणा तो की लेकिन उसके लिए जनगणना का हवाला देकर 2028 तक ठंडे बस्ते की ओर धकेल दिया। इसके चलते सिवानी के लोगों ने अब सिवानी को जिला बनाने मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति का गठन किया है। समिति के नेता जयवीर झाझड़िया ने बताया कि सिवानी को जिला बनाने की मांग को जनआंदोलन अब नए चरण में प्रवेश करेगा। जिला बनाओ संघर्ष समिति का विस्तार आगामी 26 जून को किया जाएगा।

### पुलिस ने पाबडा में चलाया सघन चेकिंग अभियान

**बरवाला।** स्वेट कमांडो टीम-2 एवं डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा संयुक्त रूप से गांव पाबड़ा में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान गांव पाबड़ा में काला उर्फ राजा के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर से लगभग 20 लीटर देसी शराब बनाने के लिए कच्चा घान बरामद हुआ। बरामद कच्चे घान को नियमानुसार मौके पर ही नष्ट (डिस्पोज) कर दिया गया। अवैध शराब तस्करों के खिलाफ अभियान भविष्य में भी इसी प्रकार जारी रहेगा।

## समाधान शिविर एवं सीएम विंडो पर दर्ज शिकायतों की हुई समीक्षा बैठक

# लंबित शिकायत पर डीसी ने अधिकारियों से की जवाब तलबी, जल्द समाधान करने के दिए निर्देश

**विभाग वाइज अधिकारियों से शिकायतों के समाधान लंबित होने के कारण पूछे**

***बार-बार ओपन होने वाली शिकायतों की एटीआर की जांच अवश्य करें: डीसी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उपायुक्त महेंद्र पाल ने समाधान शिविर एवं सीएम विंडो पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने विभाग वार शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्राप्त शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने की संबंधित विभागों के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। उन्होंने विभाग वाइज अधिकारियों से शिकायतों के समाधान लंबित होने के कारण पूछे। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। पॉलिसी इश्यू से संबंधित शिकायतों को मुख्यालय भिजवाना सुनिश्चित करें एवं शिकायत पर की गई कार्यवाही का भी अपडेट रखें। उन्होंने लंबे समय से पेंडिंग शिकायतों एवं रि ओपन हुई शिकायतों पर विशेष रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 1 साल या इससे अधिक समय से पेंडिंग शिकायतों को टॉप प्रायरिटी पर लेकर उनका समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बार-बार ओपन होने वाली शिकायतों की एटीआर की जांच अवश्य करें।



हिसार। बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

### शिकायतों पर दिखाएं तालमेल

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिन शिकायतों में दो या दो से अधिक विभाग सम्मिलित हो, उन शिकायतों को आपसी तालमेल स्थापित करते हुए जल्द से जल्द समाधान करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सीएम विंडो पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए सीएम विंडो के जल्द से जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओवरड्यू शिकायतों को विशेष रूप से संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी 24 जून को फिर से सीएम विंडो एम समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जाएगी।

### 252 शिकायतें लंबित

बैठक में उन्होंने बताया कि अब तक समाधान शिविर में 6364 शिकायतें प्राप्त हुई है जिन में से 4148 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है जबकि 1758 शिकायतों को विभागों द्वारा रिजेक्ट किया जा चुका है। वर्तमान में 252 शिकायतें लंबित है एवं 204 शिकायतें रिओपन हुई है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश रोहित कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त प्रदीप हुड्डा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर नगर में बरसाती पानी निकासी की समस्या

**हिसार।** प्रदेश सरकार द्वारा आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संचालित समाधान शिविर में सोमवार को उपायुक्त महेंद्र पाल ने नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की। शिविर में गांव लाडवा निवासी अनिल कुमार द्वारा बिजली के खंबे टूटने से ट्यूबवेल न चलने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने बिजली निगम के अधिकारियों को प्रार्थी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। जवाहर नगर निवासी पुष्पा रानी द्वारा गलियों में बरसात पानी की निकासी की मांग पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने नगर निगम के अधिकारियों को मौका मुआयना कर समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव आर्यनगर निवासी बलजीत सिंह ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा अनियमितता करने संबंधी शिकायत पर उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिला परिषद सीईओ को मामले की जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की हिदायत दी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र कुमार, जिला परिषद सीईओ सुभाष चंद्र, राजस्व अधिकारी उपस्थिति रहे।



हिसार। समाधान शिविर में जन नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल। फोटो : हरिभूमि

## समाधान शिविर में सीटीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**हांसी।** प्रशासन द्वारा आयोजित समाधान शिविर में सीटीएम हिमांशु चौहान ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राज सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। शिविर के दौरान थुराना से कुम्भा गांव तक ड्रेन की सफाई का मामला प्रमुखता से उठाया गया, जिस पर सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बुधवार शाम तक सफाई कार्य पूर्ण करवा कर उसकी फोटो सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त हाल ही में आई आंधी के कारण गिरे बिजली के खंभों को लेकर भी शिकायतें प्राप्त हुईं।



इस पर सीटीएम ने बिजली निगम के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि तीन दिन के भीतर सभी क्षतिग्रस्त खंभों को दुरुस्त कर विद्युत व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 26 जून को हिसार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता 26 जून को हिसार आएंगी। उनके कार्यक्रम को देखते हुए पार्टी ने स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का पहला स्वागत रविदास भवन के समीप किया जाएगा। इसके उपरांत हिसार शहर में अग्रसेन भवन पहुंचने से पूर्व विभिन्न स्थानों पर नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं भाजपा कार्यकर्ता जोरदार स्वागत करेंगे।



हिसार। जिला कार्यालय में हुई बैठक में उपस्थित जिला अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना, जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी, अनिल सैनी, मुनीष एलावादी, रामफल नैन, सतीश सुरलिया, लक्ष्मी गोयल, पिंकी शर्मा, कृष्ण खटाना, कुलदीप डेलू, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, जिला प्रवक्ता पीयूष महता, सुरेश जांगड़ा, राजकुमार इंदौरा, हर्ष बामल, अजय बेनीवाल, विनोद तोषावड़, भूप सिंह रोहिला सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखें : सिद्धांत

## एसपी ने मासिक अचीवमेंट रिव्यू मीटिंग में पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला पुलिस कार्यालय में मासिक अचीवमेंट रिव्यू मीटिंग आयोजित कर जिले की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की। बैठक में एएसपी मयंक मुदगिल, सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारी, नशा मुक्ति टीम तथा साइबर सेल प्रभारी, सेना लिपिक, एनडीपीएस सेल प्रभारी, डीसीआरबी प्रभारी, टीएसआई, एमएम तथा वीआरके शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न शाखाओं एवं थाना क्षेत्रों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा आमजन की शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसपी सिद्धांत जैन ने बैठक में निर्देश दिए कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर गश्त, अपराधियों पर निगरानी तथा वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए।



हिसार। बैठक में पुलिस अधिकारियों को दिशानिर्देश देते एसपी सिद्धांत जैन।

### जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए तथा पुलिस कार्य में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक मेहनत, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। पुलिस जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।



## आदमपुर की जनता का आत्मीय साथ ही उनकी सबसे बड़ी ताकत : कुलदीप

**आदमपुर।** पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने आदमपुर हलके के विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों से आत्मीय मुलाकात की और उनके सुख-दुख में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई सामाजिक, जलपान कार्यक्रमों और आत्मीय बैठकों में भाग लेते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि आदमपुर हलके के गांवों में हमेशा उन्हें परिवार जैसा स्नेह मिला है और इस बार भी लोगों के बीच पहुंचकर जो अपनापन, प्रेम और विश्वास मिला, उसने उन्हें भावुक कर दिया। उन्होंने कहा कि आदमपुर की जनता का यह आत्मीय साथ ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और यही रिश्ता उन्हें हर समय अपने लोगों के बीच रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आदमपुर की धरती उनके लिए केवल एक राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि परिवार है।

### आपसी कहासुनी के चलते युवक पर चाकू से हमला

**हिसार।** लाडवा नहर के पास आपसी विवाद के चलते चाकू से हमला कर एक युवक को घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। गंभीर रूप से घायल की पहचान विक्की निवासी गांव मदीना के रूप में हुई है। घायल को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा में रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि गांव मदीना निवासी 25 वर्षीय विक्की लाडवा में आया हुआ था। गांव लाडवा निवासी अंकित के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने पर अंकित ने उसे पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। घायल विक्की का एक वीडियो भी वायरल हुआ है जिसमें कुछ युवक विक्की से घटना के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

# हिसार की प्रथम महिला फ्लाइंग ऑफिसर बनी ऋतुल दुहन

■ गांव कंवारी में फ्लाइंग ऑफिसर ऋतुल दुहन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिला हिसार की प्रथम महिला फ्लाइंग ऑफिसर ऋतुल दुहन के अपने गांव कंवारी में पहुंचने पर लोगों ने स्वागत किया।गांव कंवारी में पहुंचने पर सबसे पहले शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए तथा उसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने जोशपूर्ण नारेबाजी करते हुए समस्त ग्राम वासियों ने स्वागत किया तथा ढोल नगाड़ों पर झूमते हुए लंबे जुलूस के साथ मुख्य आयोजन स्थल पर लेकर गए।

फ्लाइंग ऑफिसर ऋतुल दुहन ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मेहनत करना सिखाए तथा मेहनत करने वाले को सफलता अवश्य मिलती है। युवा मंडल कंवारी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में एशिया की टॉप रिसर्चर डॉ. दीक्षा आर्या ने बताया कि ऋतुल दुहन ने देश की प्रथम महिला कैडेट के रूप में एनडीए की परीक्षा पास कर सेना में ज्वाइन किया।



हिसार। फ्लाइंग ऑफिसर ऋतुल दुहन का सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हिसार। नलवा विधानसभा क्षेत्र में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ सोमवार को कांग्रेस द्वारा रोष प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस प्रधान बृजलाल बहबलपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ तथा इसका आयोजन नलवा विधानसभा के पूर्व पार्टी प्रत्याशी अनिल मान द्वारा किया गया। कांग्रेस भवन से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च निकालकर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बृजलाल बहबलपुरिया ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीवन कठिन बना दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों ने जनता की कमर तोड़ दी है। अनिल मान ने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब, किसान, मजदूर और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं।

### फुटबॉल ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सोसायटी की बैठक में कई मुद्दों पर किया मंथन

**हिसार।** जाट कॉलेज में फुटबाल ट्रेनिंग एंड डेवलेपमेंट सोसायटी की एक बैठक प्रधान सुमेर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सोसायटी के कोषाध्यक्ष परीक्षित श्योकंद ने बताया कि बैठक में जिले के ग्रामीण तथा शहरी फुटबॉल खेल नर्सियों के प्रभारियों तथा फुटबॉल सेंटर के कोचिज ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर विचार विर्मश हुआ। परीक्षित श्योकंद ने बताया कि इसके साथ ही आगामी प्रतियोगिताओं में टीमों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जल्द ही जूनियर तथा सब जूनियर स्तर की फुटबॉल लीग का आयोजन जिला स्तर पर करवाने का निर्णय लिया गया। प्रधान सुमेर सिंह व महासचिव नवीन कड़वासरा ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर सीनियर कोच अश्विनी कुमार, नवीन कड़वासरा, परमवीर सिंह, विनोद कुमार, कुलदीप मक्कड़, प्रवीन राजौरिया, रविन्द्र गोदारा, अमित पूनिया, सतीश कुमार आदि मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### जंतर मंतर पर आज किसान करेंगे प्रदर्शन

**नारनौंद।** किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर की हरियाणा इकाई की बैठक दादा देवराज धर्मशाला में इंद्र सिंह काजल की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य तौर पर प्रदेश संयोजक होशियार गिल व प्रदेश महासचिव हर्षदीप सिंह मौजूद रहे। किसान नेताओं ने बताया कि अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर आज भारत के दौरे पर आ रहे हैं और 23-24 जून को वो भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करके भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने जा रहे हैं। इससे किसानों के मन में व्यापक चिंताएं हैं। किसान नेताओं ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा घोषित कार्यक्रम के तहत 23 जून को प्रदेश संगठन के के पदाधिकारी जंतर-मंतर पर जा कर इस व्यापार समझौते के खिलाफ शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराएंगे।

**यात्रियों को सुविधा** | दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को मिली मंजूरी

# अब बीकानेर-हरिद्वार व अगरतला-फिरोजपुर एक्सप्रेस का होगा हांसी रेलवे स्टेशन पर ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

विधायक विनोद भयाना के प्रयासों से हांसी जंक्शन पर दो महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी मिल गई है। यह निर्णय क्षेत्र के हजारों रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत और सुविधा लेकर आया है। यह जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उनके आग्रह पर ट्रेन संख्या 14717 हरिद्वार-बीकानेर एवं 14718 बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस का सप्ताह में तीन दिन हांसी जंक्शन पर ठहराव स्वीकृत किया गया है। इसके साथ ही ट्रेन संख्या 14619 अगरतला-फिरोजपुर एवं 14620 फिरोजपुर-अगरतला एक्सप्रेस का सप्ताह में एक दिन हांसी में ठहराव भी मंजूर किया गया है। विधायक ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्रवासी इन ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे थे, जिसे अब केंद्र सरकार और रेलवे मंत्रालय ने स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से हांसी सहित आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। विधायक विनोद भयाना ने बताया कि यह उपलब्धि हांसी की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगी तथा व्यापार, पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को बढ़ावा देगी। उन्होंने कहा कि हांसी लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



हांसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को मांग पत्र सौंपते विधायक विनोद भयाना।

### विधायक ने जताया आभार

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विधायक ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से हांसी के विकास को नई गति मिल रही है। विधायक ने बताया कि उन्होंने गोरखपुर-भटिंडा एवं भटिंडा-गोरखपुर रेल सेवा के संबंध में भी रेल मंत्री के समक्ष मांग रखी है, जिस पर रेल मंत्री ने जल्द सकारात्मक और सुखद परिणाम देने का आश्वासन दिया है।